हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 अप्रैल 2024

06 तवा नदी में पानी कम होते ही जंगलों में शुरू हुई ...



07 विधायक ने हटवाया शराब दुकान का बोर्ड, दुकान...






**लोकसभा क्षेत्र**

देवास

1 **भाजपा प्रत्याशी**
महेंद्र सिंह सोलंकी

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
राजेंद्र मालवीय

**पिछली बार कौन जीता**
महेंद्र सिंह सोलंकी

**जीत का अंतर**
3 लाख 72 हजार 249

## क्या रहेंगे मुद्दे?

देवास लोकसभा सीट पर मतदाता की समस्याएं कई हैं, लेकिन उसमें से नौकरी के लिए नजदीकी शहर इंदौर की डिपेंडेंसी सबसे ज्यादा है। इसके अलावा शिक्षा स्वास्थ्य के लिए भी इंदौर पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं बड़ी ट्रेन के प्लेटफार्म देवास में नहीं है। अयोध्या जाने वाली ट्रेन भी देवास से होकर नहीं जाती है। मेट्रो इंदौर से लेकर मऊ तक है, लेकिन देवास को छोड़ दिया गया है।

### जातीय समीकरण वाली सीट पर इस बार कांग्रेस और भाजपा ने बलाई समाज से उतारे अपने प्रत्याशी


# देवास सीट पर एक ही जाति के उम्मीदवार आमने-सामने

*देवास लोकसभा क्षेत्र की जनता किसी एक दल की होकर नहीं रही। वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई इस सीट के पहले सांसद कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा रहे। इसके बाद भाजपा के दो सांसदों ने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। देवास लोकसभा सीट से बाहर से आए नेताओं को भी यहां की जनता ने जिताया है।*

आनंद सक्सेना ▶▶ भोपाल

देवास शाजापुर लोकसभा सीट जातीय समीकरण को लेकर काफी महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। यही कारण है इस बार दोनों प्रमुख दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने बलाई समाज के उम्मीदवार उतारे हैं।

इस सीट पर बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। इस बार भी भाजपा और कांग्रेस ने बलाई समाज के खाते में टिकट


महेंद्र सिंह सोलंकी


राजेंद्र मालवीय

बांटे हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राधा किशन मालवीय के बेटे राजेंद्र मालवीय को इस बार कांग्रेस ने यहां से टिकट दिया है। वे बलाई समाज से आते हैं, जबकि भाजपा ने दोबारा महेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया है। सोलंकी भी बलाई समाज से हैं। वैसे देवास लोकसभा की संसदीय सीट पर दूसरे शहर में रहने वाले नेताओं को भी यहां की जनता ने संसद तक भेजा है।

यहां से वर्ष 2009 में सज्जन सिंह वर्मा सांसद बने, जो इंदौर के निवासी हैं। इसके अलावा मनोहर ऊंटवाल भी यहां से सांसद चुने गए थे। वे भी लोकसभा क्षेत्र के निवासी नहीं थे। परिसीमन से पहले फूलचंद वर्मा और थावरचंद्र गहलोत भी यहां से सांसद रहे। वर्मा भी इंदौर के निवासी रहे हैं और गेहलोत उज्जैन जिले के नागदा क्षेत्र में रहते हैं।

मौजूदा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी देवास संसदीय क्षेत्र के ही निवासी हैं। 1984 में चुनाव जीते बापूलाल मालवीय भी शाजापुर संसदीय क्षेत्र के निवासी रहे हैं।

**कोई दल इस सीट पर भारी नहीं**

परिसीमन के पहले यह शाजापुर संसदीय क्षेत्र कहलाता था। तब भी यहां से जनसंघ, जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवार जीते। इस बार भी भाजपा उम्मीदवार को परंपरागत वोट और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेटवर्क का फायदा मिलेगा। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार के पिता राधाकिशन मालवीय का क्षेत्र में अच्छा नेटवर्क रहा है। ये भी बलाई समाज से आते हैं। राजेंद्र कांग्रेस का नया चेहरा है। जीतू पटवारी के कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बनने से खाती समाज भी मदद कर सकता है।

**आठ विधानसभा क्षेत्र से बनी है देवास लोस सीट**

देवास संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा आती हैं। देवास जिले की 3 देवास, हाटपिपल्या, सोनकच्छ आती हैं, जबकि सीहोर विधानसभा क्षेत्र की एक आष्टा और शाजापुर की 3 शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल और एक आगर-मालवा विधानसभा सीट आती हैं। बता दें कि यहां से उत्तर भारत जाने के लिए ट्रेनों की संख्या कम है और रिजर्वेशन में लंबी कतार रहती है। शहर के उज्जैन रोड पर नागुखेड़ी तक डबलिंग रोड़ के साथ आरओबी का भी काम लम्बे समय से अटका है। कारखाने का पानी शिप्रा में मिल रहा है।

**ग्राउंड रिपोर्ट**

**बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक**

देवास सीट पर बलाई, खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। वैसे देवास सीट पर मुख्य जातियां अपना योगदान देती हैं, जिन्हें उम्मीदवार महत्व देते हैं। इसमें बलाई, ठाकुर, रविदास, ब्राह्मण, सेंधव, पाटीदार, खाती, गुर्जर, जैन, मेवाड़ा, परमार, बैरवा, वाल्मीकि, सोंधिया, मुस्लिम, कायस्थ, भावसार शामिल हैं।

### लोकसभा चुनाव: चौथे दिन 6 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए नाम निर्देशन पत्र

# जो कांग्रेस छोड़कर गए वह वापस नहीं आ सकेंगे: जीतू पटवारी

होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन के लिए बुधवार को 6 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने एक दूसरे पार्टियों के खिलाफ जमकर निशाना साधा। एक ओर जहां भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना को अपना नामांकन पत्र जमा किया तो वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के वरिष्ठजनों के साथ कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने रोड शो किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आमसभा को संबोधित करते हुए भाजपा की नीतियों के खिलाफ जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, जिसे रोकने में सरकार विफल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ निशाना साधते हुए पूछा कि प्रधानमंत्री के मुताबिक सभी को मिलने वाले 15 लाख रूपए खाते में पहुंचे हैं अथवा नहीं। वहीं उन्होंने एमएसपी मूल्य पर गेहूं खरीदी पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों से 2100 रूपए क्विंटल गेहूं खरीदी की जा रही है।

जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। आमसभा को कांग्रेस के एआईसीसी महासचिव भंवर जितेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामेश्वर नीखरा, विजय दुबे काकू भाई, संजय कपूर, गुड्डन पांडे, पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा, पुष्पराज पटैल आदि ने भी संबोधित किया।




**जो कांग्रेस से गए कभी नहीं आ सकेंगें**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिन्होंने कांग्रेस छोड़कर दूसरे दलों का दामन थामा है वे अब कभी भी कांग्रेस में नहीं आ सकेंगे।

**भाजपा की नीतियां देशहित में**

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी ने अपना नामांकन दाखिल करने के दौरान पत्रकारों को चर्चा करते हुए बताया कि भाजपा की नीतियां राष्ट्रहित में हैं। निश्चित ही यह नीतियां आमजनों को फायदा पहुंचा रही है। जिस पर मतदाताओं को भरोसा है। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस की नीतियों को राष्ट्रहित में न बताते हुए कहा कि करीब 60-70 साल शासन करने के बाद भी कांग्रेस राष्ट्र का विकास करने में नाकामयाब हुए है। जिसका परिणाम देश से कांग्रेस का अस्तित्व धीरे धीरे कम होते जा रहा है।

**चौथे दिन 6 अभ्यर्थी ने दाखिल किए नाम निर्देशन पत्र**



लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 में नामांकन के चौथे दिन बुधवार 3 अप्रैल को 6 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंडियन नेशनल कांग्रेस से संजय शर्मा पिता उमाशंकर शर्मा, भारतीय जनता पार्टी से दर्शन सिंह पिता नारायण सिंह, निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में दिव्येंद्र दुबे पिता ब्रजमोहन दुबे, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से माखनलाल लोधी पिता पूरन सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी से राम गोविंद बारूआ पिता स्व. काशीराम बारूआ, गौंडवाना गणतंत्र पार्टी से ज्योति पति सुरेश कुमार ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी सोनिया मीना ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

## आज भाजपा प्रत्याशी के नामांकन दाखिल कराने आएंगे मुख्यमंत्री


**नर्मदापुरम।** होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया, कैलाश सोनी, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, राव उदयप्रताप, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, सीमा सिंह, जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, विधायक सीतासरन शर्मा, ठाकुर विजयपाल सिंह, ठाकुरदास नागवंशी, प्रेमशंकर वर्मा, विश्वनाथ सिंह, सुरेश पचौरी, नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, रायसेन भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिती नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला ने बताया कि नामांकन में समस्त वरिष्ठ नेताओं,विधायक गणों, जिला पदाधिकारियों एवम समस्त मंडल अध्यक्षों, मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंगे।

### जिपं सीईओ ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए दिए निर्देश

# लोगों के लिए प्याऊ, पक्षियों के लिए पौखर से बुझाएं कंठ की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

पिछले 8 दिनों से नर्मदांचल का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के इर्द गिर्द घूम रहा है। तेज धूप और तपन से लोग परेशान हैं। प्रशासन द्वारा गर्मी को देखते हुए सर्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था बनाने पर जोर दिया जा रहा है। विदित हो कि नर्मदापुरम जिले में इन दिनों गर्मी तेज पढ़ रही है साथ ही इन गर्मी के दिनों में पानी की कमी हो जाती है और पानी की जरूरत भी बढ़ जाती इस सबको देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी नर्मदापुरम एसएस रावत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता के लिए निर्देश जारी किए गए उनके द्वारा बताया गया कि ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो गयी है। ग्रीष्म ऋतु में आमजनो को पेयजल एवं निस्तार के लिए पेयजल की



आवश्यकता अन्य महिनों की अपेक्षा अधिक होगी। ऐसी स्थिति में ग्रामवासियों के पेयजल, निस्तार के लिए पानी की पूर्ति के लिए ग्रामों में संचालित नल-जल योजनाऐं, हेण्डपंप एवं कुएँ इत्यादि सुचारू एवं नियमित रूप से पेयजल के लिए उपलब्ध रहें एवं किसी भी स्थिती में पानी की अनुपलब्धता के कारण आमजनों को असुविधा नहीं हो पाये, यह सुनिश्चित किया जाये। इसी प्रकार मवेशी एवं पक्षियों के लिये गांव के ऐसे स्थान जहां पशुओं एवं पक्षियों का आवागमन प्रायः अधिक संख्या में होता हैं वहां पर पानी की होदियां, पौखर या अन्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधन अनुसार पेयजल के लिए व्यवस्था की जाये। पक्षियों हेतु पेड़ो पर मिट्टी के पात्र लगाकर पानी की व्यवस्था की जा सकती है एवं इस हेतु ग्रामीणों खासकर बच्चों को भी प्रेरित किया जा सकता है। नर्मदा परिक्रमा वासियों एवं अन्य नागरिकों के पेयजल हेतु सार्वजानिक प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।सार्वजानिक प्याऊ में पेयजल हेतु 2-4 मटके एवं गिलास आदि उपलब्ध रहे। 26 अप्रैल को मतदान दिवस के अवसर पर उक्त सार्वजानिक प्याऊ हेतु उपलब्ध मटके एवं गिलास का उपयोग मतदाताओं को पेयजल हेतु किया जाए।

# स्वीप गतिविधियों के आयोजन से किया मतदाताओं को जागरूक

### जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम




कलेक्टर एवं उच्च अधिकारी के निर्देशन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद एवं महिला बाल विकास के तत्वाधान में स्वीप गतिविधि का आयोजन बुधवार को मालाखेड़ी में किया गया। जिसमें कम मतदान को बढ़ाने हेतु गतिविधि की गई कार्यक्रम में मतदान जागरूकता रैली, रंगोली एवं गृह भेंट भी की गई। मालखेड़ी क्षेत्र स्थित बूथ क्रमांक 77, 78, 79 में लोगों को मतदान करने एवं मतदान के अधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया। वोट आपकी शक्ति है एवं इसका उपयोग आपका अधिकार है हेतु नागरिकों को जागरूक किया गया। जागरूकता का कार्यक्रम विगत दिनों से निरंतर सुचारू रूप से शहर के सभी वार्डों में किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा बताया गया है कि जिन वूथो में कम मतदान विगत समय हुआ था उनको चिन्हित कर उनमें विशेष जागरूकता अभियान चलाई जाने का कार्य किया जा रहा हैं। जागरूकता के इस कार्यक्रम में नगर पालिका से मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, यश दुबे, गगन सोनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायता समूह की महिला ने भाग लिया।

## लाइसेंस नवीनीकरण नहीं होने से दो अस्पताल बंद करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शहर के दो निजी नर्सिंग होम के लाइसेंस की वैधता 31 मार्च 2024 को समाप्त होने के कारण बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। सीएमएचओ कार्यालय से जारी आदेश क्रं. 3016 अमृत हार्ट एण्ड मेडीकल केयर सेंटर नर्मदापुरम एवं आदेश क्रं.3014 सौरभ नर्सिंग होम को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि दोनों नर्सिंग होम को पुनः संचालित करने के लिए नवीन पंजीयन होने तक सुविधाएं चालू नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि नर्सिंग होमों में कोई मरीज भर्ती है तो उसे नजदीकी शासकीय अस्पताल में भर्ती कराने या अन्य वरिष्ठ शासकीय चिकित्सालय में रैफर करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि संचालकों द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो कोई भी अप्रिय घटना घटने पर उसकी जिम्मेदारी निश्चित की गई है। देखना यह है कि दोनों नर्सिंग होम कब तक नवीनीकरण कराकर चालू होगा।

# अवैध राशि रोकने के लिए सघन चैकिंग जारी

### एफएसटी एवं एसएसटी दलों द्वारा की जा रही है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले की चारो विधानसभा क्षेत्रो के लिए एफएसटी एवं एसएसटी दलों का गठन किया है। गठित दलो द्वारा वाहनो की सघन चैकिंग की जा रही है। कलेक्टर ने बताया है कि गठित एफएसटी, एसएसटी दलो द्वारा जप्ती की जाँच जिला स्तर पर गठित जिला निर्गमन समिति करती है, जिसके अध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम तथा सदस्य जिला कोषालय अधिकारी तथा नोडल , सहायक नोडल अधिकारी जिला अनुवीक्षण प्रकोष्ठ होते हैं।

यदि जप्त की गई राशि का संबंध किसी अभ्यर्थी या किसी राजनैतिक दल से न हो तो इस आशय का स्पीकिंग आदेश समिति द्वारा जारी किया जाता है तत्पश्चात जप्त सामग्री परीक्षण उपरांत जप्त सामग्री समिति द्वारा रिलीज की जाती है। अवगत कराया गया है कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 50 हजार रूपए से अधिक की नगद राशि का परिवहन बिना आवश्यक दस्तावेज के प्रतिबंधित रहता है।

अतः सामान्य जन को चाहिए की 50 हजार या इससे अधिक का परिवहन किया जाना आवश्यक हो तो राशि से संबंधित समस्त दस्तावेजो को अपने साथ सुरक्षित रखना अनिवार्य है। इसी अनुक्रम में विधानसभा क्षेत्र 139 पिपरिया में गठित उड़नदस्ता दल द्वारा गत दिवस रात्रि 8 बजे थाना मंगलवारा चौराहा पिपरिया के पास किया सेल्टास वाहन क्रमांक एमपी 04 जेके 2031 से 6 लाख 70 हजार रूपए की नगद राशि जप्त की गई। प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# कलेक्टर ने किया जिला कोषालय के गढ़-कक्ष का वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला कोषालय नर्मदापुरम के गढ़-कक्ष में न्यायालयीन एवं अन्य विभाग द्वारा रखी बहु-मूल्य संपत्तियाँ, स्टांपस, पेड-लॉक, तथा अन्य बहु-मूल्य संपत्तियों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी नितेश कुमार उइके व डीपी धुर्वे सहा. कोषालय अधिकारी, राजेश तोमर खजांची तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी नितेश कुमार उइके ने बताया कि कलेक्टर द्वारा विधिवत रखी बहुमूल्य संपत्यिां तथा व्यवस्थित रिकार्ड पाये जाने पर प्रशंसा व्यक्त की गई।



## खबर संक्षेप

### ईको क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न

**बैतूल।** जेएच कॉलेज में संचालित ईको क्लब द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन, पर्यावरण विभाग मप्र शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाने के लिए जागरुक करने हेतु विगत दो माह से विभिन्न प्रकार कार्यक्रम, प्रतियोगितायें, प्रदर्शनी, व्याख्यान, नेचर-कैम्प, एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या प्रो.ऊषा द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ विजेता चौबे की अध्यक्षता में पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। ईको क्लब प्रभारी डॉ.अल्का पांडे द्वारा प्रतिवेदन वाचन कर महाविद्यालय के पर्यावरण विकास में ईको क्लब की भूमिका पर प्रकाश डाला। उषा द्विवेदी ने ईको क्लब द्वारा महाविद्यालय परिसर में किये गए कार्यो की सराहना कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सबक दायित्व है। प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि वृक्षों के साथ अपनापन बढ़ाएं व उनसे संवाद स्थापित करें, जिससे अलग अनुभूति होगी। आपने कहा कि घरो बहुत सारी अनुपयोगी सामग्री होती है जिन्हें कचरे में फेंकने पर पर्यावरण प्रदूषित होता है, इनका उपयोग कर उपयोग सजावटी सामग्री बनाए। डॉ.चौबे ने विद्यार्थियों को पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने की शपथ भी दिलवाई। इस दौरान निबंध लेखन, स्लोगन निर्माण, पोस्टर मेकिंग, बाल-पेंटिंग, रांगोली, मेहंदी, भाषण, स्वरचित काव्य पाठ, कटारे से सौंदर्य, प्रश्न सत्र, दाना-पानी, मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं संपन्न की गई और प्रतिभागियों को उपहार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### लू से बचने स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी की जारी

**बैतूल।** वर्तमान समय में तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। गर्म हवाएं चलने लगी हैं, जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। लू से बचने के लिए जन सामान्य को ज्यादा समय तक घर में रहने एवं अनावश्यक बाहर ना निकलने की सलाह दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उइके ने बताया कि आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें, अनावश्यक बाहर न निकलें। घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, खाली पेट घर से बाहर न जाएं, इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय आम का पना, नीबू का पानी एवं प्याज के रस का उपयोग करें। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। अगर लू के लक्षण जैसे मितली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने जैसा लगे तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठन्डे वातावरण से गरम या गरम वातावरण से ठण्डे में अचानक न जाने की सलाह दी गई है।

### बैतूल से सागौन की छिंदवाड़ा में हो रही तस्करी, मैदानी अमला बेसुध

# तवा नदी में पानी कम होते ही जंगलों में शुरू हुई सागौन की अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में स्थाई मुख्य वन संरक्षक ना होने के चलते बड़े पैमाने पर वृक्षों की अवैध कटाई के मामले सामने आते रहे हैं। इसी कड़ी में उत्तर वन मंडल बैतूल की सारनी रेंज में बड़े पैमाने पर अवैध सागौन और अन्य प्रजातियों के वृक्षों की कटाई का मामला सामने आया है।

गौरतलब है कि जिस स्थान पर कटाई का यह मामला सामने आया है उस संबंध में पूर्व में भी सारनी निवासी वाइल्ड लाइफ एंड नेचर कंजर्वेशन एक्टिविस्ट आदिल खान ने वन विभाग को लिखित शिकायत सबूतों के साथ दी थीं परंतु साल भर बाद फिर यहीं स्थिति यहां पर निर्मित हो गई है। मिली जानकारी अनुसार वन परिक्षेत्र सारनी के कक्ष क्रमांक 333, 334, 336, 337 में बड़े पैमाने पर सागौन व अन्य वृक्षों की कटाई लगातार की जा रही है। तवा नदी में पानी कम होने के बाद सारनी रेंज के उक्त क्षेत्र में अवैध कटाई होने लगती है और सागौन की बेशकीमती लकडियों और अन्य प्रजाति के वृक्षों की लकडियों को नदी पार कर वन माफिया द्वारा छिन्दवाड़ा जिले में ले जाया जाता है। जिस क्षेत्र में कटाई हो रही है वह चयन सह सुधार कार्यक्रम वाला जंगल है, यानी ऐसा जंगल जहां वृक्ष कटाई के लिए व्यस्क माने जाते हैं और नया पौधारोपण भी ऐसे जंगल में किया जाता है।



#### जांच की जा रही है...

आज दोपहर बाद से जांच शुरू की गई, देर शाम तक टीम जंगल में ही थी।कल सुबह फिर काटे गए पेड़ो की जांच आदि की जानी है इसलिए यह कल ही स्पष्ट होगा की कितने पेड़ काटे जा चुके है। अवैध कटाई के बाद परिवहन कहा और कैसे किया जा रहा है इन सभी बिंदुओं पर फिलहाल जांच की जा रही है।

**अजय वाहने,** एसडीओ फॉरेस्ट, सारणी

#### *जंगल में बेखौफ हो रहा 70 से 80 फीट पेड़ों का सफाया*

*सारनी रेंज के जंगल में बड़े पैमाने पर सत्तर से अस्सी फुट ऊंचे वृक्षों को काटा गया है जिसमें सागौन के वृक्ष भी बड़ी मात्रा में शामिल हैं एवं लकड़ियों को तस्करी के लिए जंगल में ही तैयार करके भी रखा गया है, वहीं अधिकांश बेशकीमती लकड़ी की तस्करी भी कर दी गई है। वहीं तवा नदी के किनारे पर वृक्षों की छोटी लकड़ियां और बल्लियों को भी बहुत बड़े पैमाने पर जमा करके रखा गया है। वन माफिया द्वारा ना सिर्फ सागौन, साज के वृक्षों को काटा जा रहा है बल्कि अन्य प्रजातियों के वृक्षों को भी काटा जा रहा है जिसमें भिर्रा जैसे वृक्ष भी शामिल हैं।*

#### *आदिल के साथ जंगल की छानी खाक*

*सारणी रेंज में हो रही अवैध कटाई की शिकायत जब सोशल एक्टिविस्ट आदिल ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की तो आज उत्तर वन मंडल डीएफओ देवांशु शेखर के निर्देश पर एसडीओ, रेंजर सहित अन्य अमले ने जंगल की सुध ली। इस दौरान दोपहर 2.30 बजे जंगल में पहुंची टीम रात 8 बजे तक जंगल में ही मौजूद थी। इसी से अंदाज लगाया जा सकता है की सारणी की हरियाली को ग्रहण लगाने के लिए लंबे समय से माफिया सक्रिय है।बहरहाल इस मामले में जांच जारी है। इस संबंध में जानकारी के लिए उत्तर वन मंडल के डीएफओ देवांशु शेखर से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।*

### शादी से इनकार करने पर घटना को दिया अंजाम

## प्रेमिका को जलाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बैतूल।** शादी से इंकार करने पर सनकी आशिक ने प्रेमिका को पेट्रोल डालकर जला दिया और फरार हो गया जिसे पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही छिंदवाड़ा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। घटना 1 अप्रैल की है पीडिता बाबित पिता मोतीलाल धुर्वे निवासी मलकापुर जोकि वर्तमान में हमलापुर पेट्रोल पंप के पीछे रहती है जिसे उसके प्रेमी आर्यन मालवी ने जान से मारने की नियत से पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। पीडिता की शिकायत पर गंज पुलिस ने धारा 452,307 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया था। घटना के बाद पीड़ित लडकी को उसकी मां ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था जंहा पीड़िता ने मीडिया को बताया था की उसका प्रेमी आर्यन मालवी शराबी है जिसकी वजह से उसने आर्यन से मिलना बंद कर दिया था उसके बाद वह घटना वाली रात उसके घर आया और उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा कर भाग गया। जिला अस्पताल से पीड़िता को गांधी मेडिकल कालेज भोपाल रेफर किया गया है गंज पुलिस ने आरोपी की तलाश जारी रखी जिसके बाद टीम बनाकर अलग अलग जगहों पर आरोपी आर्यन की तलाश की। आर्यन मालवी पिता संजय मालवी उम्र 25 साल नि.अर्जुन नगर गंज कों घेराबंदी कर ग्राम डोगरिया तहसील जुन्नारदेव जिला छिंदवाडा से विधिवत गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लिया गया है। इस कार्यवाही मे रविकान्त डेहरिया, अजय रधुवंशी, सुरेश शाक्य, किशोरीलाल सल्लाम, संदीप, मयूर, दुर्गेश,आर अनिरूध्द, नवीन रधुवंशी एवं नरेन्द्र, आरक्षक राजेंद्र की विशेष भूमिका रही है।

### कलयुगी बेटे ने पिता को डंडे से पीटकर मौत के घाट उतारा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**बैतूल।** एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता को डंडे से इस तरह पिटाई की बुजुर्ग पिता की मौत हो गई आरोपी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है द्य घटना 2 अप्रैल की रात की है हंड्रेड डायल पर सूचना मिली थी की मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम सांडिया में मुंगस्या वागद्रे उम्र 88 वर्ष बुजुर्ग को उसका बड़ा लडका गणेश वागदरे डंडे से पीट रहा है द्य सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पंहुची जंहा बुजुर्ग के छोटे पुत्र बलिराम ने पूरी घटना बताई जिसके बाद पुलिस ने और बुजुर्ग की पत्नी चंद्र भागा, पुत्र बलिराम ने घायल बुजुर्ग को सी एच सी मुलताई में इलाज के लिए भर्ती कराया था लेकिन इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग ने दम तोड दिया द्य पुलिस ने आरोपी बड़े पुत्र गणेश पर प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार कर बंद हवालात किया गया था और गिरफ्तारी की सूचना विधिवत परिवार जनों को दी गई थी।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**बैतूल।** अनन्य विशेष न्यायाधीश, (पॉक्सो एक्ट) ने थाना कोतवाली बैतूल के अंतर्गत निवास करने वाली 17 वर्षीय अवयस्क बालिका का अपहरण कर उसके साथ बार-बार बलात्कार करने वाले आरोपी बनवारी करछले पिता गोण्डू करछले, उम्र-25 वर्ष निवासी थाना कोतवाली का धारा 5(एल)/6, पॉक्सो एक्ट समाविष्ट धारा 376(2)(एन) भा.द.वि, के अपराध का दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5,000 रूपए एवं धारा 363 भादवि का दोषी पाते हुए 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1000 रू अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में म.प्र. शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी एसपी वर्मा एवं वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/अनन्य विशेष लोक अभियोजक ओमप्रकाश सूर्यवंशी के द्वारा पैरवी की गयी। प्रकरण की जानकारी देते हुए अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ अमित राय ने बताया कि दिनांक 26.06.2021 को पीड़िता के पिता ने थाना कोतवाली में उपस्थित होकर इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई की उसकी पुत्री पीड़िता उम्र 17 वर्ष घर में बिना बताये कहीं चली गई है। उसे आशंका है कि कोई अज्ञात आरोपी उसकी पुत्री को बहला-फूसलाकर ले गया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर अपराध दर्ज कर प्रकरण का अनुसंधान प्रारंभ किया गया अनुसंधान के दौरान पीड़िता को दस्तयाब किया गया। पीड़िता ने पूछताछ करने पर यह बताया कि आरोपी बनवारी उसे शादी करने का झांसा देकर पूणे एवं पीथमपुर लेकर गया था। आरोपी ने उसके जबरदस्ती कई बार गलत काम बलात्कार किया है। पीड़िता के कथनों के आधार पर प्रकरण में धाराओं का इजाफा किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना कोतवाली द्वारा आवश्यक अनुसंधान उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र तैयार कर माननीय अनन्य विशेष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना पुलिस थाना कोतवाली में पदस्थ उ.नि. प्रीति पाटिल के द्वारा की गई।

### कांग्रेस में घमासान शुरू

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने दिया इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोकसभा चुनाव की प्रचार प्रक्रिया शुरू होने के पहले ही कांग्रेस में घमासान शुरू हो गया है। इसकी परिणीति बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर सुनील शर्मा द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिए जाने की पेशकश से सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम के नामांकन रैली कार्यक्रम के दौरान सुनील शर्मा की उपेक्षा से उन्होंने व्यथित होकर उनके राजनीतिक गुरु कमलनाथ को जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा भेज दिया है।

कांग्रेस के बैतूल-हरदा-हरसूद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम के नामांकन की रैली में बैतूल आए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव व अन्य नेताओं के कार्यक्रम समाप्ति के बाद बैतूल से जाने के 2 घंटे पश्चात ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील गुड्डु शर्मा ने इस्तीफा दे दिया। बताया जा रहा कि रामू टेकाम के नामांकन के बाद आयोजित सभा में बैतूल ग्रामीण और हरदा जिला कांग्रेस अध्यक्षों से भाषण दिलवाया, लेकिन जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) सुनील शर्मा के मंच पर होने के बावजूद उन्हें भाषण देने का मौका नहीं दिया। सुनील शर्मा ने दैनिक हरिभूमि को बताया कि नेता लोग सुधरने को तैयार नहीं है। आज ग्रामीण अध्यक्ष से भाषण करवाया गया, हरदा जिला अध्यक्ष का भाषण करवाया गया। मैं पिछले 30 वर्षों से निस्वार्थ कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा हूं मेरा नाम भाषण की लिस्ट से एन मौके पर कटवाया गया। मेरी लगातार उपेक्षा करना ठीक नहीं है।

## राष्ट्रीय हिन्दू सेना की सफलताः 62 गौवंश बचाए, तस्करों को पकड़ा

### पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राष्ट्रीय हिन्दू सेना के सदस्यों ने गोवंश तस्करी को रोकने में सफलता हासिल की। उन्होंने गोवंश तस्करों के जाल से 62 गौवंश बचाए। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रदेश संयोजक पवन मालवीय ने इस घटना को साझा करते हुए बताया कि सूचना मिली थी जिसमें एक ट्रक में बड़ी संख्या में गौवंश को बंद करके महाराष्ट्र के बीजापुर तक ले जाने की साजिश थी। ट्रक को पुलिस की सहायता से सोनाघाटी पर पकड़ा गया। सभी गौवंश को माँ ताप्ती गौशाला भयावाडी में सुरक्षित रूप से पहुंचाया गया। घायल गौवंश को तत्काल चिकित्सा सहायता भी प्रदान की गई। पवन मालवीय ने बताया कि संगठन को सूचना मिली थी कि लाल कलर के ट्रक में गौवंश भर कर महाराष्ट्र के कत्लखाने फ़ोरलेन होते हुए ले जा रहे थे। संगठन के सदस्यों ने फोरलेन पर गाड़ी आने का इंतज़ार किया। पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी और गाड़ी को पकडऩे की योजना बनाई। ज़िला अध्यक्ष अनुज राठौर ने बताया कि गो तस्करों ने गाड़ी के चारों और भूसों की बोरिया एवं त्रिपाल को बांध दिया था। डबल पार्टीशन में गौवंश क्रूरता पूर्वक रखे गए थे। मौके पर कोतवाली टीआई देवकरण डेहरिया, पाढर चौकी प्रभारी दिनेश उइके, एसआई नितिन उइके, एएसआई जगदीश रायकवार सहित पुलिस बल पहुंच गया था। विभाग सह संयोजक अर्जुन चौहान ने बताया घायल गोवंश के उपचार के लिए डॉ.विनीत कुमार धुर्वे को गौशाला बुलवाकर गौवंश का उपचार भी करवाया गया। तस्करी को रोकने में तहसील सह गौरक्षा प्रमुख आशीष यादव, वरिष्ठ सहयोगी विकास अतुलकर, वरिष्ठ सहयोगी बन्टी यादव, वरिष्ठ सहयोगी विजय मौरे, बलराम घिघोडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कांग्रेस से टेकाम और बहुजन मुक्ति मोर्चा से बैठेकर ने दाखिल किया नामांकन



**बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में बुधवार को संसदीय क्षेत्र बैतूल क्रमांक 29 के लिए नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम ने अपना नाम निर्देशन जमा किया। श्री टेकाम के साथ पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, विधायक हरदा डॉ.आर.के.दोगुने एवं टिमरनी विधायक अभिजीत शाह भी उपस्थित थे। बहुजन मुक्ति मोर्चा से अमरावती महाराष्ट्र भूरेलाल बैठेकर ने भी बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कराया। श्री बैठेकर के साथ बहुजन मुक्ति मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रमिला भूमरकर, जिला अध्यक्ष जनार्दन पाटिल, कमलेश जावलकर और विशाल भूमरकर उपस्थित थे। नाम निर्देशन के 7वें दिन तक कुल 11 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन प्राप्त किए।

### विधानसभा संयोजक किशोर बरदे ने ली सारणी शक्ति केंद्र की बैठक

**सारनी।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की उपस्थिति में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी दुर्गादास उइके की नामांकन रैली एवं जनसभा की तैयारियों भाजपा स्थापना दिवस और बूथ प्रबंधन सम्बंधित विषयों को लेकर विधानसभा संयोजक किशोर बरदे मंडल प्रभारी प्रशांत गावंडे मंडल अध्यक्ष मोहन मोरे ने भाजपा ग्रामीण मंडल अंर्तगत लादी, कोठिया, बारंगवाड़ी शक्तिकेंद्रों की बैठक ली। विधान सभा संयोजक किशोर बरदे ने शक्ति केंद्र प्रभारी पंच परमेश्वर एवम बूथ अध्यक्षों को संबोधित कर भाजपा स्थापना दिवस पर करणीय कार्यों और बूथ प्रबंधन सम्बंधित विषयो की जानकारी दी एवम कल होने वाली भव्य नामांकन रैली को सफल बनाने का आग्रह किया । मंडल प्रभारी प्रशांत गावंडे ने बूथ समिति एवम पन्ना समिति सदस्यों के दायित्वों एवम आगामी दिनों में प्रभावी जनसंपर्क पर जोर दिया । मंडल अध्यक्ष मोहन मोरे ने आभार व्यक्त किया इस दौरान विधानसभा संयोंजक किशोर बरदे मंडल प्रभारी प्रशांत गावंडे मंडल अध्यक्ष मोहन मोरे राकेश वर्मा दिनेश यादव कमलेश यादव राजकुमार यादव गोपी यादव सुखदेव यादव रवि यादव,दिनेश मोरे,राजू बत्रा, सुभाष यादव,तुलाराम यादव, अंकु उईके सरपंच अशोक यादव राजू यादव विनोदी वाट के सुरजन सिलुकर समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारि उपस्थित रहे।



### रघुवंशी समाज का होली मिलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

रघुवंशी समाज को होली मिलन समारोह ग्राम छिन्दी में संपन्न हुआ। जिसमें प्रभु श्री राम लला का भव्य मन्दिर बनने के उपरांत भारत वर्ष के सकल रघुवंशी समाज द्वारा श्री राम मंदिर बनने की खुशी में विराट महा यज्ञ 2121 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ 10 फरवरी से 18 फरवरी 2024 महाविशाल स्तर अयोध्या धाम में आयोजित किया गया था। महायज्ञ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का समाज के द्वारा उनको सम्मानित किया गया। यह होली मिलन समारोह जिसमें जिला छिंदवाड़ा जिले व प्रदेश यज्ञ संचालन समिति से जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा निरंजन सिंह चौधरी द्वारा यज्ञ के मुख्य यजमान मुनिराज पटेल, यगकर्ता पूज्य संत श्याम दास महाराज, पटेल बाबा, यज्ञ के कोर कमेटी सदस्य चक्रपाल रघुवंशी, सुरेन्द्र पटेल का ग्राम छिन्दी के सम्मिलित 15 यजमानो व जिला स्तरीय यज्ञ संचालन समिति की ओर से सभी सम्मिलित 71 यजमान और सभी ग्राम इकाई अध्यक्ष का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अतिथि निरंजन सिंह व मुनिराज पटेल, चक्रपाल सिंह और नारायण सिंह नगदे ने बताया कि अयोध्या धाम में संपन्न हुए महायज्ञ के चंदे से बची राशि से तत्काल अयोध्या धाम में जमीन क्रय कर विशाल धर्मशाला का निर्माण अतिशीघ्र किया जाएगा। जिससे उद्देश्य सभी सनातनियों के रुकने व सुविधा देना है।

### नल जल योजनाओं की जियो टैगिंग में प्रथम स्थान पर

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऑल ओवर नल जल कार्यों में बैतूल टॉप टेन में आया, कलेक्टर ने टीम को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बैतूल द्वारा एकल ग्राम नल जल योजना इन्फोर्मेशन बोर्ड जियो टैगिंग में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। यांत्रिकी ने बैतूल नल जल कार्यों की उपलब्धियों में पूरे प्रदेश में टॉप 10 में स्थान हासिल किया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अक्षत जैन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि टीम वर्क के साथ किए गए कार्य का परिणाम भी अव्वल ही रहता है।

#### इन्फोर्मेशन जियो टैगिंग में प्रथम

कार्यपालन यंत्री आर.एल. सैकवार ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बैतूल द्वारा एकल ग्राम नल जल योजना इन्फोर्मेशन बोर्ड जियो टैगिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हर घर जल सर्टिफिकेशन में द्वितीय स्थान और रिपोर्टेड में चौथा स्थान, एफएचटीसी आठवा स्थान, योजनाओं को हैंडेडओवर आठवा स्थान पर रहा। इस प्रकार प्रदेश सभी लक्ष्यों में बैतूल जिला प्रथम 10 जिलों में शामिल रहा।

#### 424 ग्रामों के घरों में शत प्रतिशत नल जल

श्री सैकवार ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 424 ग्रामों में शत प्रतिशत घरों में नल से जल प्रदाय किया जा रहा है। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष में कुल 18818 परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध करवाएं गए। वित्तीय वर्ष के अंत तक 76.27 प्रतिशत कुल 202670 ग्रामीण परिवारों को नल के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। एकल ग्राम नल जल योजनाओं में इन्फोर्मेशन बोर्ड के जियो टेगिंग का कार्य विभाग द्वारा किया गया। कुल 1166 इन्फोर्मेशन बोर्ड में से 608 का लक्ष्य कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। हर घर जल रिपोर्टेड 424 ग्रामों में से 279 ग्रामों को सर्टिफाइड का लक्ष्य पूर्ण कर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। प्रदेश में ग्रामों के सर्टिफाईड में जिला इंदौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हर घर जल रिपोर्टेड में 424 का लक्ष्य पूर्ण कर प्रदेश में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया गया। प्रदेश में रिपोर्टेड ग्रामों के लक्ष्य हेतु क्रमशः जिला राजगढ़, जिला धार, जिला इंदौर ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया है।





#### *घरेलू कनेक्शन में आठवां स्थान*

*घरेलू कनेक्शन (एफएचटीसी) के लक्ष्य 250000 में से 18818 पूर्ण कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया गया। प्रदेश में घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटसी) के लक्ष्य हेतु क्रमशः जिला निवाड़ी, जिला बुरहानपुर, जिला इंदौर ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया है। हर घर जल सर्टिफाईड 279 योजनाओं में से 186 योजनाएं ग्राम पंचायत को हस्तांतरण पूर्ण कर प्रदेश में 9वा स्थान प्राप्त किया गया। प्रदेश में योजनाएं ग्राम पंचायत को हस्तांतरण के लक्ष्य हेतु क्रमशः जिला इंदौर, जिला उज्जैन, जिला रीवा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया है।*

### नागरिकों ने शराब दुकान हटवाने के लिए विधायक से लगाई गुहार

# विधायक ने हटवाया शराब दुकान का बोर्ड, दुकान हटाने के निर्देश

**स्थानीय न्यास कालोनी बायपास रोड पर आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकान खोलने का प्रयास किया जा रहा है। बुधवार को विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने नागरिकों की मांग पर दुकान का बोर्ड हटवाकर विभाग को उक्त स्थान पर दुकान न खोलने के निर्देश दिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने बुधवार दोपहर न्यास कालोनी बायपास पर खुल रही शराब दुकान का बोर्ड स्वयं मौजूद रहकर हटवा दिया और आबकारी विभाग को यह दुकान यहां से हटाने के निर्देश दिये हैं। कुछ वर्षों पूर्व भी यहां शराब दुकान को विरोध हुआ था, इसके बाद दुकान हटी थी। अब पुनः शराब दुकान का विरोध होने पर आज विधायक पहुंचे थे। न्यास कालोनी में शराब दुकान खुलने की शिकायत और विरोध होने की जानकारी पर पहुंचे विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ तत्काल शराब दुकान का बोर्ड हटवाया और आबकारी अधिकारियों को तत्काल शराब दुकान हटाने के निर्देश देते हुए नाराजी वक्त की। उनके साथ जयकिशोर चौधरी, मनीष ठाकुर, राकेश जाधव, राहुल चौरे, शैलेन्द्र दुबे सहित अन्य लोग थे। गौरतलब है कि न्यास कॉलोनी बायपास रोड पर शराब दुकान खुलने का एक बार फिर विरोध होने लगा है।

कुछ वर्षों पूर्व भी यहां एक शराब दुकान खुलने का विरोध हुआ था और ग्राम सोनासांवरी की महिलाओं ने दुकान में तोडफ़ोड़ करके आग लगा दी थी। अब फिर इसी रोड पर पेट्रोल पंप के समीप कम्पोजिट देशी शराब की दुकान खुलने का जमकर विरोध क्षेत्र के नागरिक कर रहे हैं। इस मामले में नागरिकों ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को शिकायत की थी। पूर्व वर्षों में ग्राम पंचायत सोनासांवरी के लोगों ने शराब दुकान का विरोध किया था, अब पुनः पंचायत के लोग तो विरोध कर ही रहे हैं, यहां आसपास की शहरी आबादी में भी विरोध के स्वर सुनाई देने लगे हैं। पूर्व की तरह यहां कोई बड़ी वारदात हो, इसके पहले प्रशासन को इस मामले का हल निकालना चाहिए। शराब दुकान का विरोध तेज हो और पूर्व की तरह महिलाएं घरों से निकलें, इससे पूर्व प्रशासन को यह दुकान दूसरे स्थान पर शिफ्ट करना चाहिये। अभी शराब को एक टीन के टप में संचालित किया जा रहा है जिस सड़क से दुकान लगी है, उस सड़क से स्कूली बच्चों के साथ ही आमजनों का दिन भर आवागमन होता है। खास कर इस सड़क पर महिलाओं का ज्यादा आवगमन होता है। इस लिये क्षेत्र के रहवासी शराब दुकान को खोले जाने का विरोध कर रहे हैं।

# पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी के प्रशिक्षण का शुभारंभ

### शासकीय कन्या उमा विद्यालय में दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीमालवा में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से बताया गया मतदान दल द्वारा प्राप्त की जाने वाली सामग्री, मतदान कर्मियों के आचरण नियम, पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान, मतदान अधिकारी क्रमांक एक के दायित्व, टेंडर मत, अभ्याक्षेपित मत, दिखावटी मतदान के पश्चात ईवीएम मशीन को सीआरसी करना, मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज बटन दबाना अनिवार्य है दिखावटी मतदान के पश्चात पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान दिवस पर दिखावटी मतदान की प्रक्रिया के दौरान कार्य, पीठासीन की डायरी के बारे में भी बताया गया सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन का हैंड्स ओंन प्रशिक्षण दिया गया। ईवीएम मशीन को कनेक्ट करने के बारे में भी बताया गया प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का निरीक्षण नायब तहसीलदार नितिन राय द्वारा किया गया तथा द्वितीय सत्र का निरीक्षण सहायक रिटर्निंग अधिकारी सरोज परिहार द्वारा किया गया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों से ईवीएम को कनेक्ट करवाया गया तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में भी पूछा बताया गया कि सभी मतदान कर्मी निर्वाचन प्रशिक्षण को गंभीरता से प्राप्त करें किसी भी प्रकार की शंका होने पर मास्टर ट्रेनर्स से समाधान अवश्य कर लेवे क्योंकि लोकसभा चुनाव आपको ही करना है। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 से ऑनलाइन एप्प के माध्यम से प्रश्न पत्र हल करवाया गया प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, सुनील सोनी, अशोक साहू, डीएस परमार, उमेश धुर्वे, बाबू पटेल, प्रेम नारायण परते, अतुल गौर आदि के द्वारा दिए जा रहा है।

# सीएम राइज स्कूल में कराया गया प्रवेश बच्चों का किया गया स्वागत-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शहर के सीएम राज स्कूल के प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में उत्साह पूर्वक प्रवेश उत्सव मनाया गया। आरएनए विद्यालय में भी प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें बताया गया कि यह कपिल 2024 से नवीन सत्र प्रारंभ हो चुका है शासन के निर्देश अनुसार प्राचार्य के द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत सम्मान कर पुष्प बरसा कर फूल माला पहनकर शिक्षकों के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

विद्यार्थियों को अगली कक्षाओं की पुस्तक के वितरित की गई परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया कक्षा 2 से 5 एवं 8 रिक्त स्थानों में नवीन प्रवेश के लिए लॉटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कराई गई। कक्षा 9वी में 142 आवेदन प्राप्त हुए कक्षा ग्यारहवीं में 93 आवेदन प्राप्त हुए परीक्षा परिणाम घोषित होने तथा संस्थागत विद्यार्थियों को प्रवेश उपरांत खाली सीट पर चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी उप प्राचार्य अल्पना श्रीवास्तव वंदना बरोलिया, पीएन दुबे, ज्योति बुधौलिया, निधि पगारे, चंद्रभूषण परसाई, शिवम स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। उनको भी बड़े ही सुंदर ढंग से सजाया गया मुख्य द्वार पर ही सभी का स्वागत सम्मान किया गया। सर ऐसे प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ।

# श्री आदिनाथ जयंती पर कवि सम्मेलन में कविताओं से भाव-विभोर हो गए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कावेरी स्टेट स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में श्री आदिनाथ जयंती पर संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज की स्मृति में हुए कवि सम्मेलन में विविध विषयों पर कविताएं सुनकर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गये। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। समाज के वरिष्ठ सदस्य मुकेश कुमार जैन, अरविंद कुमार जैन एडवोकेट, महावीर जैन समिति के अध्यक्ष संजय जैन, सचिव जिनेंद्र जैन, आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्वागताध्यक्ष अरविंद जैन, सचिव नीलेश जैन, शांतिनाथ जिनालय के अध्यक्ष अरुण गोयल, पाश्र्वनाथ शामिल हैं। दिगंबर जैन मंदिर के पीयूष जैन और तरण तरण जिनालय के अध्यक्ष अतुल और कवियों ने दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर गुरु को श्रद्धांजलि दी।

कविता की शुरूआत हुई कवियत्री प्रमिला किरण द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से। प्रमिला किरण ने संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज को भी अपना छंद समर्पित कर आदरांजलि दी। इसके बाद आल्हा तर्ज पर सामायिक संदर्भों में कविता गाकर लोकप्रिय हो रहे युवा कवि सुनील सांवला ने अपने अनोखे अंदाज पर खूब तालियां बटोरी। व्यंग्यकार सुभाष भारती ने अपने तीखे व्यंग्यों से सामाजिक विसंगतियों पर चोट की। कवियत्री रवि जैन ने आचार्य श्री पर बहुत अच्छी कविता सुनाई। संचालक कवि पवन प्रबल ने जहां अपनी चुटीली व्यंग्योक्ति और मुक्तकों से श्रोताओं को हंसाते गुदगुदाते हुये कविता से जोड़े रखा। इटारसी नगर को गौरवान्वित करने वाले अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि राजेन्द्र मालवीय आलसी ने अपने अनूठे अंदाज में जहां श्रोताओं को हंसाया, गुदगुदाया वहीं कुछ चिंतन पूर्ण काव्य पंक्तियों से सभी का दिल जीतकर तालियां भी बटोरी। याद रह जायेंगे बस यही दो चार पल जो आपके साथ मोहब्बत में गुजर जायेंगे।

# वाहन की डिक्की से किए करीब 7 लाख रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मप्र राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा विधानसभा निर्वाचन अधिकारी संतोष तिवारी के निर्देशन में विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक सीमा पर एसएसटी टीम के द्वारा चौकी बनाई गई है। लगातार वाहनों की जांच की जा रही है जिसे लगभग 1 माह बीत चुका है लेकिन अभी तक किसी भी नाके पर कोई राशि जप्त नहीं की गई थी और ना ही किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई है। जहां पर नाके बनाए गए हैं। वहां पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है इस बात की चर्चा जोरो पर है लेकिन मंगलवार पुलिस एफ एस टी टीम को सूचना प्राप्त हुई की वाहन क्रमांक एमपी 04 जीके 20 31 में लोगों के द्वारा राशि ली जाए जा रही है। सूचना के आधार पर मंगलवार चौराहे पर वहां को रोका जिसकी डिग्गी से 6 लाख 70 हजार रूपए जप्त किए हैं। चालक के द्वारा राशि का सोर्स नहीं बताया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात 10 बजे वाहन चेकिंग की जा रही थी उसे दौरान यह राशि जप्त की गई है। अब्दुल्लागंज की राशि बताई जा रही है तथा वहां भी अब्दुल्लागंज का बताया जा रहा है जिसमें 3 लोगों को पुलिस के द्वारा विरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी तक की है पहले करवाई है जिसमें इतनी बड़ी रकम जप्त की गई है।

# सिटी पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुलिस ने एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आधा दर्जन स्थायी वारंटी थे। उसे जबलपुर से गिरफ्तार करके इटारसी लाया गया है। एसपी डॉ. गुरुकरन सिंह के निर्देश पर एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान एवं टीआई गौरव सिंह बुंदेला के मार्गदर्शन में सिटी पुलिस लगातार न्यायालय से फरार आरोपीयों की धरपक्कड़ कर रही है। ऐसे ही स्थाई वारंटी पत्ती बाजार इटारसी निवासी गोपी उर्फ गोपी किशन पिता बादामी लाल धुर्वे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में अहम भूमिका सहायक उपनिरीक्षक रमाकांत यादव, प्रधान आरक्षक हेमंत तिवारी, अविनाश की है।

# विश्व ओरल हेल्थ दिवस पर लगा शिविर स्कूली बच्चों और वार्ड के लोगों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वार्ड 11 आंगनवाड़ी केंद्र 69 झुग्गी न्यास कॉलोनी इटारसी में विश्व ओरल हेल्थ दिवस के अंतर्गत शिविर आयोजित किया। डॉक्टर अविनाश चौरसिया ने वार्ड वासियों की ओरल जांच की एवं दवाइयां दी गई। वार्ड के सरकारी स्कूल के बच्चों को भी स्वास्थ्य शिविर में बुलाया गया। सभी बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। डॉ अविनाश चौरसिया ने बच्चों को ब्रश करने का सही तरीका बताया और दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह, साफ-सफाई और हैंडवास की सलाह दी गई। जांच में कुछ बच्चों एवं हितग्राही को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर श्यामा प्रसाद चिकित्सालय इटारसी में आकर आगे की जांच कराने की सलाह दी गई। केंद्र में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नवीन मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया एवं मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस जानकारी देते हुए सभी को वोटिंग के लिए प्रेरित किया। शिविर में आरबीएसके के डॉ. उमेश उईके, डॉ.ज्योति, एलएचवी वंदना राज, सेक्टर सुपरवाइजर राखी मौर्य, सरकारी स्कूल की शिक्षिका गुलाब साहू, आशा पटेल, आशा कार्यकर्ता विनम लौवंशी, एएनएम सरोज मेहरा, शिवानी झलिया सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# नहर का पानी नहीं मिलने से नाराज किसान, आज बाजार बंद,चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




भारतीय किसान संघ शिवपुर पदाधिकारियों ने तहसील कार्यालय पहुँच एसडीएम सरोज परिहार को ज्ञापन सौंपा। जिसमे बताया की ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल के लिए विगत 5 वर्षों से शिवपुर क्षेत्र के साथ मूंग के पानी को लेकर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इसको ध्यान में रखकर आज दिनांक 3 अप्रैल को सभी विभागो को अवगत कराकर गुरूवार को शिवपुर बंद तथा उग्र आंदोलन सभी किसानो की सर्वसहमति से किया जावेगा। साथ ही यदि शिवपुर तहसील के किसानो को नहर का पानी नहीं मिल पाता है तो आगामी दिनों में ग्राम पगढाल (हरदा-नर्मदापुरम) मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया जाएगा। जिसकी तारीख सभी किसान अपनी सर्वसम्मति से तय करेंगे। साथ ही ज्ञापन में बताया गया की पूरे शिवपुर क्षेत्र मे किसानो द्वारा चुनाव नहर का पानी नहीं मिलने की स्थिति में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय भी किसानो ने किया है। उन्होंने बताया की इस वर्ष मौषम की मार के कारण गेहूँ की क्वालिटी में जो क्षति हुई है। उसको ध्यान मे रखकर खरीदी को सिथिल किया जावे एवं शासन प्रशासन किसानो का सहयोग प्रदान करे। शिवपुर सरपंच प्रतिनधि सन्देश यादव ने बताया की नहर विभाग हमेशा से शिवपुर के किसानो की उपेक्षा करते आया है यहाँ के किसानो को मूंग की फसल के लिए नहरों का पानी नहीं मिल पाता है। सभी किसानो की मांग है की यदि इस वर्ष हमें मूंग की फसल में नहर का पानी नहीं मिला तो सभी किसान बंधू लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### साहित्य देवता दादा माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मतिथि पर विशेषः मुझे तोड़ लेना वनमाली... जिस पथ जाएं वीर अनेक...

# नर्मदापुरम के सपूत दादा माखनलाल चतुर्वेदी साहित्य के पुरोधा थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

नर्मदापुरम के सपूत दादा माखनलाल चतुर्वेदी साहित्य के पुरोधा रहे हैं। दादा के जयंती के अवसर पर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि हिन्दुस्तान के साहित्य जगत में मील का पत्थर भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रेरण स्त्रोत रहे। साहित्य जगत में भारतीय आत्मा के नाम से प्रख्यात हुए दादा माखन लाल चतुर्वेदी का जन्म 4 अप्रैल 1889 में नर्मदापुरम (होशंगाबाद) जिले के माखननगर (बाबई) नामक छोटे से ग्राम में एक ब्राम्हण परिवार में हुआ था। माखन लाल चतुर्वेदी के पिता का नाम नन्दलाल चतुर्वेदी था जो बाबई की पाठशाला के प्रधान पाठक थे। दादा की प्राथमिक शिक्षा इसी पाठशाला में हुई थी। परिवार में उन्हें सबसे अधिक स्नेह अपनी बुआ से मिलता था। एक बार बीमार पड़ने पर बुआ उन्हें अपने साथ ग्राम सिलारी ले गई। यहीं पर माखन लाल चतुर्वेदी के कवि ने जन्म लिया। इस घटना के विषय में दादा स्वयं लिखते है, उन दिनों मेरी उम्र कोई आठ वर्ष की होगी। एक दिन मेरी और पुजारी की लड़की की लड़ाई हो गई। रात को मैने एक कविता लिखकर हनुमान की मूर्ति के पास काटी से पीपल में लगा दी। कविता यह थी जिसका अर्थ कुछ नहीं था मात्र तुक बंदी के धनीराम की पौली पाई, जिसमें निकली द्रौपदी बाई। द्रौपदी बाई ने बिछाई खाट, उसमें निकली काशी भाट। काशी भाट की लम्बी दाढी, उसमें निकला मुल्लाबाड़ी ।लोगों का कहना था कि काव्य से मेल खाती हैं, मिलती होगी



मेरे प्रारंभिक काव्यों ने तो मेरी पिटाई कराई। प्राथमिक शिक्षापूर्ण होने पर संस्कृत की पढ़ाई हेतु दादा को नांदनेर भेज दिया जहां पर उनके पिताजी के बड़े भाई पंडित बंशीधर चतुर्वेदी आचार्य थे। उन्हें यहां पर कठिन अनुशासन एवं कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी। वे प्रतिदिन भोर के समय तीन चार फर्लांग दूर नर्मदा का जल घड़े में भरकर पूजा हेतु लाते व भोजन पकाते थे। दादा को यहां पर अपनी मां की याद सताती थी। पर उन्हें हरवाहे और चरवाहों के कन्देजी बोली मैं गाए जाने वाले गीत बहुत प्रिय थे। संजय कुमार गुप्ता बताते हैं के दादा परोक्ष रूप से ये लोकगीत कोमल कवि मन को प्रोत्साहन दे रहे थे। स्वयं दादा लिखते है नांदनेर के जीवन में मुझे हरवाहों और चरवाहों के गीत बहुत भाते थे। वे ऐसे बुलंदी से कहे जाते थे कि अपनी इस पूर्णता रूपी मादकता से पूर्ण होते थे। यहां से शिक्षापूर्ण होने पर मात्र 14 वर्ष की उम्र में बाबई की ग्यारसी बाई नामक कन्या से आपका विवाह सम्पन्न हुआ। सन 1907 में नार्मल स्कूल की परीक्षा पास करके आप खण्डवा आ गए । यहां पर स्कूल में सहा. शिक्षक के पद पर नियुक्ति हो गई । आपने सन 1908 में हिन्दी कैसरी में राष्ट्रीय आन्दोलन और बहिष्कार शीर्षक लेख पर प्रथम पुरुष्कार प्राप्त किया था। आप माधवराव सप्रे को आजीवन गुरू समान मानते रहे। सन 1913 में आपकी अर्धागनी का स्वर्गवास हो गया। कवि मन भी वियोग से बर्फ की तरह पिघल उठा। भाई छोड़ो मुझे खुलकर रोलेने दो, यह पत्थर सा हृदय आंसुओ से धो लेने दो। आपने दबाब के बाबजूद दूसरा विवाह नहीं किया। सन 1913 में आपने प्रभा मासिक का सम्पादन शुरू किया। सन 1918 मैं उनका प्रथम बहुचर्चित नाटक कृष्णार्जुनयुद्ध प्रकाशित हुआ। सन 1920 में आप जबलपुर जाकर कर्मवीर साप्ताहिकका सम्पादन करने लगे। 12 मई 1921 को दादा पर राजद्रोह का मुकदमा चला और 5 जुलाई 1921 से 8 मार्च 1922 तक आप जेल में रहे । सन 1924 में गणेश शंकर विद्यार्थी के जेल जाने के बाद उनके लोकप्रिय प्रताप का सम्पादन आपने किया। सन 1925 से कर्मवीर का खंडवा से पुनः प्रकाशन शुरू किया। आप सन 1927 में भरतपुर के सम्पादक सम्मेलन के अध्यक्ष हुए। सन 1930 में प्रान्तीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष बने सन 1943 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष बने। आपके रचनाओं ने भारतीय जनमानस को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने की प्रेरणा प्रदान की वह है, कैद की को कि लाव पुष्प की अभिलाषा दादा की रचनाओं में राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय चेतना के स्वर परिलच्छित होते है। इस कविता से हथकड़ियों से संतोष नहीं होता था, उसका एक ही नारा था बलिदान वह बलि पथ का पथिक था। बलि होने की परवाह नहीं, मैं हूं मैं हूं कष्टों का राज रहे, मैं जीता जीता जीता हूँ माता के माता के हाथ स्वराज्य रहे। वह इसकी सूली को सौभाग्य मानता है और इसके माध्यम से विजय की कामना करता है। आत्मा दे प्यारी हथकड़ी और बेडियां दे परितोष उतनी ही आदरणीया है जितना वह जय जय का घोष । वह तो स्वयं ज्वालमुखी बनकर धधकना चाहता है- शूली का पथ सीखा हूं, सुविधा सदा बचता आया मैं बलि पथ का अंगारा हूं, जीवन ज्वाला जगाता आया। गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए लालायित कवि कहता है अमर राष्ट्र उदण्डराष्ट्र उन्मुक्तराष्ट्र यह मेरी बोली यह सुधार समझौते वाली मुझको भाती नहीं ठिठौली। कवि माखनलाल चतुर्वेदी ने भारत भूमि के प्रति अपनी सहज भावनाओ को उभारा है अतीत की गौरव गाथा अपराजेय राष्ट्रीयता के साथ उनके काव्य में मुखर है। जीत पी सन्यासी कर्षण कृष्ण रंग में डूबे । हम सब एक, अनेक रूप में क्या उभरे क्या डूबे। काले गोरे रंग बिरंगे हममें भेद नहीं। श्रम के भाग्य - निवेश। प्यारे भारत देश। राष्ट्रीय एकता को उन्होंने पुष्प की अभिलाषा के माध्यम से व्यक्त किया। मुझे तोड़ लेना वनमाली, उसपथ मैं देना तुम फेंक मातृभूमि पर शीश चढ़ाने,जिस पथ जाएं वीर अनेक। यही नहीं उनके गद्य साहित्य में भी राष्ट्रीयता झलकती है। महात्मा गांधी के विषय में वह वाणी निबंध के कुछ अंश उददत हैः। वह कवि है लोक कला के आसुओं से गीला लोक जीवन की चाहो से दर्दीला और इस इच्छा से दूर कि वह कवि हो और इस बात की बिना जाने कि वह कवि है । वह न सम्राट है न सरदार। न धर्माचार्य है न व्यवस्था देने वाला वह एक वाणी है जिसके आगे विश्वलाचार है कि उसे सुने । उसमें कराह है, उसमें कोटि कोटि दुखियों की आत्मा सिसक रही है उसमें गर्जन है, जो श्रोताओंकी अकर्मण्यता को लज्जित कर रहा है। वह वाणी जो दण्ड देने में अपने को भी क्षमा नहीं करती जो बुराई को अपने सिर पर लेती है और अच्छाईयों को प्रभु चरणों पर चढ़ाती है। वह वाणी हर देश में हैं हर जाति में है, हर धर्म में है। 7 दिसम्बर 1933 यही वह ऐतिहासिक दिन था, जब राष्ट्र पिता महात्मा गांधी साहित्य देवता दादा माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म स्थली माखननगर (बाबई) आए थे। बापू अपनी अस्वस्थता तथा डाक्टरों के मना करने के बाबजूद दददा के प्रति स्नेह के कारण बाबई आए थे। राष्ट्रीय एकता के स्वर को एक सूत्र में पिरोने वाले महान कवि साहित्यकार

कहाँ गए वो दिन। कहां गए वो लोग। 30 जनवरी 1968 व नमन वंदन करते हैं। दादा माखनलाल चतुर्वेदी की रचनाएं। कृष्णार्जुन युद्ध - 1918, हिम किरीटनी -1941, साहित्य देवता- 1942, हिम तरंगनी -1949, माता-1952 प्रेम द्वादशी, प्रेम पूर्णिमा, प्रेम पच्चीसी, युग चरण, समर्पण और वेणु लोगूंजे धरा कहानियों। के संग्रह है। इनके भाषणों में चिंतक की। लाचारी तथा आत्म-दीक्षासंग्रह ₹ भी शामिल है। अमीर इरादे, गरीब इरादे, निबंध संग्रह है। आपने हिम किरीटनी पर देव पुरूस्कार, हिमतरंगनी पर साहित्य अकादमी पुरुष्कार, डी लिट् की मानद उपाधि तथा पदम्भूषण की उपाधियां प्राप्त की थी। (लेख विभिन्न स्त्रोतों से संकलित) माखननगर की धरा से कवि स्व. श्री नर्मदाप्रसाद गुप्ता की कृति अंजुलीभर वेदनाएं दादा की जन्मतिथि पर श्रीचरणों में समर्पित।

## खबर संक्षेप

### नहर के गेट का ताला तोड़ा, मामला दर्ज

**हरदा।** जल संसाधन विभाग के चौकीदार दयाराम यदुवंशी ने टिमरनी थाने में पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है कि बुधवार को बाइक से 6-7 अज्ञात आरोपी आए और उसके शासकीय कार्यालय से ताला तोड़कर चाबी निकाल ली और नहर का गेट ग्राम बघवाड तरफ खोलने का प्रयास किया। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सोनम वाजपेयी ने बताया कि चौकीदार द्वारा मना करने पर आरोपियों ने चौकीदार को गालियां दी, जिस पर टिमरनी थाने में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### शिक्षा विभाग का कंट्रोल रूम स्थापित

**हरदा।** जिला शिक्षा अधिकारी पीएम सिंह ने अशासकीय विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी से संबंधित पुस्तकों के साथ-साथ अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें व अन्य सामग्री तथा विद्यालय फीस के लिए पालकों पर अनुचित दबाव बनाये जाने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। विद्यार्थियों के माता-पिता और पालकगण कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 07577-299070 पर प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल को कंट्रोल रूम का प्रभारी नियुक्त किया है।

### माल्यार्पण कर किया सम्मान, मतदान की अपील

**हरदा।** लोकसभा चुनाव के लिए हरदा जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के तहत खिरकिया के वार्ड क्रमांक 12 के आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं द्वारा मेहंदी व रंगोली बनाकर महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया तथा वृद्ध महिला मतदाताओं का सम्मान किया गया। इसके अलावा मतदाता जागरूकता गीत, गेम्स व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार हरदा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए प्रेरित करने शपथ दिलाई गई। इसी तरह हरदा के वार्ड क्रमांक 32 वृंदावन नगर स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में रंगोली बनाकर व शपथ दिलाकर मतदाताओं को 26 अप्रैल को मतदान करने प्रेरित किया गया।

### नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज

**खंडवा।** ग्रुप के पीआरओ सुनील जैन ने बताया कि जैन सोशल ग्रुप के वरिष्ठ पदाधिकारी की उपस्थिति में ग्रुप के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए, जिसमें विकास लीना जैन बड़जात्या अध्यक्ष, संकल्प प्रज्ञा जैन सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद पर अंकित प्रियंका जैन चुने गए। जैन सोशल ग्रुप की नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह गुरुवार को आनंद नगर स्थित होटल स्टेप इन में शाम 5 बजे आयोजित होगा।

### सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना, एफएसएल की टीम जानकारी में जुटी

# दो युवकों की हत्या के बाद क्षेत्र में सनसनी फैली, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में दो युवकों की हत्या के बाद जिले में सनसनी फ़ैल गई। एक युवक का शव खाली प्लॉट पर मिला है, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना बुधवार सुबह 4 से 5 बजे के बजे की बताई जा रही है। दोनों मृतकों के शरीर पर मारपीट के निशान मिले है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामला विवेचना में ले लिया है।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर पुलिस को 3-4 लोगों द्वारा हत्या करने का सुराग लगा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी सहित आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। वहीं एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर जानकारी जुटा रही है। मौके पर पहुंचकर एएसपी आरडी प्रजापति सहित



सिटी कोतवाली पुलिस आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। घटना के दौरान एक युवक शैतान सिंह का शव तो मौके पर ही मिला, जबकि दूसरे युवक सईद को किसी व्यक्ति ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान सुबह साढ़े आठ बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। वहीं खाली प्लॉट में मिले शव को देखकर आसपास के लोगों ने इसके बारे में पुलिस को बताया। जानकारी के मुताबिक रन्हाई के किसान याहया



खान के फार्म हाउस पर बीते 12 सालों से काम करने वाले शैतानसिंह (48) का शव बंगाली कॉलोनी के सामने रन्हाई रोड पर मिला। मृतक के शरीर पर लकड़ी से पीटने और कई चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसका पति सुबह-सुबह घर से निकला था और कुछ देर बाद उसका शव मिला है। शैतान सिंह के दो बेटे हैं।

रन्हाई के कृषक याहया खान के खेत में लगे आम के बगीचे को आठ दिनों पहले ही नसरुल्लागंज के रहने वाले सईद शाह ने खरीदा था। जहां वह अपनी पत्नी शहनाज और तीन बेटियों के साथ आया था। पत्नी का कहना है कि मूंग की फसल में पानी देने की बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले किसी किसान से सुबह-सुबह उनकी बहस हुई थी। जिसके बाद पति और खेत में मजदूरी करने वाले शैतान सिंह हरदा की तरफ चले गए गए थे। सईद की पत्नी का कहना है कि वो मात्र आठ दिनों पहले ही खेत का बगीचा लेने नसरुल्लागंज से हरदा आए है। उनका किसी से कोई विवाद नहीं है। उन्हें आशंका है कि खेत पर मजदूरी करने वाले शैतान सिंह से किसी का कोई पुराना विवाद होगा, जिसके चलते उनके साथ आने पर उनके पति की हत्या कर दी गई।

# खंडवा रेक से रायसेन का भेजा था अनाज, पीडीएस में 100 बोरी से ज्यादा गेहूं में लगा घून रोका



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरगोन

खरगोन जिले में बुधवार को पीडीएस का लगभग 100 बोरी गेहूं घून लगा पहुंचा दिया गया। यह गेहूं रायसेन जिले से खंडवा रेक के माध्यम से यहां के वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन निगम के गोदाम में पहुंचा। गेहूं में घून ने आटा बना दिया। मामले का पता चलने पर जिले के वेयरहाउस में उन्हें अलग किया जा रहा है। जिला हाउसिंग कॉरपोरेशन डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिनेश ओसारी का कहना है गेहूं की बोरियां अलग कराकर उन्हें लौटाया जा रहा है। शुरुआती छानबीन में 100 बोरी गेहूं अलग कर दिया है। ट्रक खाली करने के बाद वेयर हाउस गोदाम में भरने से पहले सुपडी लगाकर गेहूं की जांच की जा रही है। हम्मालों के माध्यम से अनाज की छनाई का काम जारी है।

### गेहूं में धूल निकली, दाने भी हल्के

खंडवा रैक से सुबह 4 ट्रकों में पीडीएस का गेहूं पहुंचाया गया था। वहां खोलकर देखें गए तो शुरुआती कुछ बोरों को जमाने के बाद इनमें से धूल निकलने लगी। गेहूं के दाने भी काफी हल्के थे। इसी सप्ताह भीकनगांव के वेयरहाउस में भी इसी तरह के गेहूं भेजे जाने की शिकायत सामने आई थी। खरगोन जिले में 6 वेयरहाउस में पीडीएस का जिला मुख्यालय से अनाज पहुंचता है।

# बिजली व पानी के संकट को लेकर ग्रामीण पहुंचे कलेक्टर कार्यालय

### ग्राम काल्याखेड़ी के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

जिले में इन दिनों बिजली व सिंचाई के लिए नहर का पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपनी समस्याओं को लेकर पीड़ित लोग कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों के सामने गुहार लगाकर इन समस्याओं के समाधान की मांग करते नजर आ रहे हैं।

बुधवार को दो अलग-अलग गांवों के लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान नहीं होने की दशा में आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी प्रशासन को दी है। जयस जिलाध्यक्ष राकेश



काकोडिया व भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष महेंद्र काशिव के नेतृत्व में ग्राम काल्याखेड़ी के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि सोनतलाई फीडर से बिजली सप्लाई की जा रही है जो समय से नही मिल पा रही है। जिसके चलते गांव में पीने के पानी व गेहूं पिसवाने की समस्या हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हमने बिजली विभाग के अधिकारियों से पूर्व में हमारे गांव की सप्लाई जामली फीडर से जोड़ने की मांग की गई थी। लेकिन अब तक इस ओर ध्यान नही दिया गया है। जबकि सोनतलाई की दूरी 17 किलोमीटर है। वहीं बड़नगर व खमलाय गांव से आधा से एक किलोमीटर है।

# 'अंतिम छोर के किसानों के खेतों तक नहरों से पानी पहुंचाया जाए'

### कलेक्टर ने दौरा कर सिंचाई व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा कर नहरों के माध्यम से मूंग की फसल की सिंचाई के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक नहर का पानी पहुंचाया जाए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने ग्राम छीपानेर, गुरदिया, खोड़यिाखेड़ी, रूंदलाय, पोखरनी, अजनई व गोंदागांव का दौरा कर नहर से आ रहे पानी के स्तर को चैक किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देश दिये कि नहर से सिंचाई के लिये अवैध रूप से पानी लेने वाले किसानों को रोका जाये। उन्होने कहा कि नहर के चौकीदारों की मदद के लिये पुलिस व होमगार्ड के जवान भी तैनात किये जायेंगे। उन्होने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन किसानों को नहर से पानी लिफ्ट करने के



लिये जल संसाधन विभाग ने अनुमति दी है, वे विधिवत विद्युत कनेक्शन लेकर ही पम्प का संचालन करें। इस दौरान एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले व कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सोनम वाजपेयी सहित जल संसाधन व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### भील समाज युवा संगठन निकालेगा वाहन रैली

**भीकनगांव।** अमर शहीद टंटया मामा के जन्मोत्सव पर 4 अप्रैल को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम रूफाटा झिरन्या से टंट्या मामां की कर्मस्थली कोठड़ा से मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। भील समाज युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मोरे के अनुसार टंट्या मामा के प्रति श्रद्धा,समाज में जागरूकता एंव सामाजिक एकता हेतु प्रतिवर्ष युवा संगठन यह आयोजन मामा के जन्मोत्सव पर करता है। लगातार प्रयास से युवा संगठन के इस रेली का क्षेत्र को बेसब्री से इंतजार रहता हे जिसमे युवा, वरिष्ठ बढचढ़कर भाग लेते हे रैली जिस गांव से गुजरती है वहा महिला, पुरुष, बच्चे अपने काम छोड़कर रैली के स्वागत हेतु उत्साहित रहते हैं। रैली में टंट्या मामा की झाकी के रूप में निमाड़ के अभिनेता दिवानसिंग सोलंकी रहते है जो की रैली का आकर्षण का केंद्र रहता है। संगठन के नितेश मोरे ने बताया कि संगठन के युवाओं ने गांव गांव जाकर बैठके आयोजित की।

### 'सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो'

# दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति कर रहे जागरूक



**खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए खंडवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें 'सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो', 'वोट डालने जाना है-अपना फर्ज निभाना है' नारे अंकित किए गए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं जागरूकता लाने के लिए शपथ भी दिलाई जा रही है। साथ ही ग्राम पंचायत दीवाल में मनरेगा में मजदूरी करने वाले मतदाताओं को भी मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

### लोगों ने की सफाई की मांग

# महेश्वरी नदी में मर रही मछलियां गंदे पानी के कारण हो रही घटनाएं

**खरगोन।** जिले के महेश्वर नगर के मंडलेश्वर रोड स्थित महेश्वरी नदी के पुल के नीचे गंदे पानी के कारण मछलियां मृत अवस्था में पाई गईं। नगर के मनोज शर्मा और मनोज पाटीदार ने बताया कि महेश्वरी नदी पुल के नीचे नदी में कई मछलियां मृत अवस्था में देखी गईं। महेश्वरी नदी में



वैसे तो बारिश के दिनों में पानी बहता रहता है, लेकिन विगत दिनों नहर का पानी भी नदी में आ जाने से मछलियों की संख्या बढ़ गई है। लोगों ने आरोप लगाया कि नदी में मछलियों को पकड़ने के लिए किसी ने कोई जहरीला पदार्थ डाला होगा, जिससे मछलियां मृत अवस्था में पाई गई।

### पूर्व में चलाया था सफाई अभियान

महेश्वरी नदी में बारिश के बाद भारी मात्रा में जल कुंभी एकत्रित हो जाती है। जिसे लेकर 5 वर्ष पहले नगर परिषद और नगर के युवाओं ने टीम बनाकर सफाई अभियान भी चलाया था। जिसमें बड़ी संख्या में जल कुंभी निकाली गई थी। लेकिन जलकुंभी भारी मात्रा में होने के कारण पूरी सफाई नहीं हो सकी, वर्तमान में महेश्वरी नदी में कई जगह पानी एकत्रित होने से गंदगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने बताया कि यदि महेश्वरी नदी में मुख्य पुल के उत्तर दिशा में स्टाप डेम बनता है, तो पानी भी अच्छी मात्रा में एकत्रित हो सकेगा और सुंदरता भी बढ़ेगी।

# गंदे पेयजल सप्लाई से परेशान रहवासी, 4 माह से सुनवाई नहीं

### इंजीनियर ने कहा- पीजी कॉलेज से नई लाइन डालेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरगोन

नगर पालिका ने करीब एक करोड़ की शहर की जल आवर्धन योजना को हैंडओवर कर दी है। इसके बावजूद भी शिव शक्ति नगर में पिछले 4 माह से गंदा पेयजल सप्लाई हो रहा है।

बुधवार दोपहर 1:30 बजे कॉलोनी के रहवासी नगर पालिका पहुंचे और लापरवाही के आरोप लगाए। बीके जायसवाल ने कहा आधा घंटा तक गंदा पानी सप्लाई होता है उसे देखना पड़ता है। बीमारी फैलने का डर है। नपा ने जेएमसी कंपनी को 17 जनवरी 24 को पत्र लिखा था। अब तक पानी की टेस्टिंग नहीं की। कॉलोनी में पुरानी



जीर्ण-शीर्ण लाइन से गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। बीमारी फैलने की आशंका है। सब इंजीनियर केके ने कहा पुरानी लाइन ठीक करा चुके हैं। जेएमसी को बता चुके हैं। समस्या हल नहीं हो रही है। इस मामले में पीजी कॉलेज से नई लाइन डाली जा रही है।

### 350 किमी की नई लाइन, पुरानी से सप्लाई

खरगोन शहर की लगभग एक करोड़ लागत की जलावर्धन योजना को पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले माह ऑनलाइन शुरू किया था। नगर पालिका ने कार्यक्रम आयोजित कर पेयजल योजना से लाभ मिलने का खूब ढिंढोरा पीटा था। शहर में 350 किलोमीटर की पेयजल लाइन बिछाई गई। 24 घंटे पर पेयजल मिलने का दावा किया गया। काफी हिस्सों में पुरानी लाइन से पानी सप्लाई किया जा रहा है।

# चेक बाउंस के 7 केस में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने गुजरात के नवसारी से किया गिरफ्तार



**बुरहानपुर।** गणपति नाका थाना पुलिस ने चेक बाउंस के करीब 7 मामलों में फरार चल रहे आरोपी समीर पिता अरविंद सावंत को गुजरात राज्य के नवसारी से गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी हुआ था। गणपति नाका थाना प्रभारी टीसी शिंदे ने बताया स्थाई वारंटियों की तामीली के लिए एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार, एएसपी एएस कनेश, सीएसपी गौरव पाटिल ने अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत टीम का गठन किया गया। आरोपी समीर पिता अरविंद भाई सावंत प्रोप्राइटर एसएस इंअरप्राइजेस ऑफिस दत्त नगर घेला खादी रोड पुलिस थाना बिजलपुर जिला नवसारी गुजरात को नवसारी गुजरात से गिरफ्तार किया गया। टीम में प्रधान आरक्षक आनंद श्रीवास, आरक्षक राकेश, प्रधान बडोले शामिल रहे। बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। टीआई टीसी शिंदे ने बताया आरोपी को कोर्ट से जमानत मिल गई।

# मारवाड़ी महिलाओं ने निकाला गणगौर का बाना, फूलपाती खेली



**खरगोन।** शहर में मारवाड़ी समाज का गणगौर पर्व चल रहा है। गुरुवार शाम को गंगानगर में मारवाड़ी ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने गणगौर बनकर बाना निकाला और फूलपाती खेलकर आराधना की। यहां कॉलोनी के बगीचे में दूल्हा आयुषी चौबे और दुल्हन महक शर्मा के साथ महिलाओं ने गणगौर नृत्य किया। समाज की मंजू शर्मा, रजनी तिवारी, नीलू शर्मा, दिव्या शर्मा, वेदिका शर्मा, अर्चना शर्मा, वेदाशी शर्मा, तृप्ति रावत, मधु चौबे सहित अन्य महिलाओं ने गणगौर गीत गाए।

### भक्ति के साथ युवतियां ले रही गृहस्थी की जानकारी

मारवाड़ी समाज होली के बाद से 16 दिनी गणगौर पर्व मना रहा है। माता जी के प्रतीक जवारों की पूजा-अर्चना की जा रही है। साथ ही समाज की युवतियां बगीचों में दूल्हा-दुल्हन बनकर फूल पाती खेल रही है। वह माताजी की आराधना के साथ ही वरिष्ठ महिलाओं से गृहस्थी से जुड़ी जानकारी भी हासिल कर रही हैं।

# माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर पत्रकार आज करेंगे नमन



**खंडवा।** सूली का पथ ही सीखा हूं, सुविधा सदा बचाता आया, मैं बलि-पथ का अंगारा हूं, जीवन-ज्वाल जलाता आया। स्वाधीनता सेनानी, हिंदी साहित्य में राष्ट्रीय भावधारा के कवि व मध्यप्रदेश के गौरव पद्मभूषण से अलंकृत माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर तीन पुलिया स्थित प्रतिमा के पास सुबह 9 बजे नमन करेंगे। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि आजादी की अलख जागने वाले पत्रकारिता के अमर सिपाही पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर मध्य प्रदेश शासन से और केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि खंडवा दादा की कर्मभूमि रहा है पंडित माखनलाल चतुर्वेदी के नाम पर खंडवा में राष्ट्रीय संग्रहालय बनाया जाना चाहिए। जिसकी मांग कई वर्षों से मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ करता आया है। और मध्य प्रदेश शासन पंडित माखनलाल चतुर्वेदी के नाम पर खंडवा से राष्ट्रीय सम्मान दिया जाना चाहिए। पत्रकारिता के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय कार्य करते हैं वहीं ब्रिज के कारण दादा की प्रतिमा उचित स्थान पर लगाई जाए। पंडित माखनलाल चतुर्वेदी के नाम से संचालित कर्मवीर का भवन के लिए राज्य शासन उचित स्थान दें, ताकि खंडवा में पंडित माखनलाल चतुर्वेदी के नाम पर भव्य पत्रकारिता कॉलेज को नया भवन मिल सके, इसकी मांग राज्य शासन से की जाएगी, साथी ही पत्रकारों के लिए पत्रकार भवन की मांग भी की जा रही है।



# शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से की मुलाकात

**खंडवा।** बीते दिनों एसपी ऑफिस पहुंचकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा, मछुआ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव भंवरिया, जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश सिसोदिया ने हाल ही में खंडवा जिले में पुलिस की कमान संभालने वाले नवागत पुलिस अधीक्षक मनोज राय से भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस अवसर पर कांग्रेस नेतागणों ने खंडवा शहर की बेहद ज्वलंत यातायात समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि शहर में अस्त-व्यस्त यातायात व्यवस्था ने नागरिकों का सड़कों पर चलना दूभर कर दिया है। नगर के व्यस्तम अधिकतर चौराहो और प्रमुख सड़कों पर दिनभर ट्राफिक गुत्थमगुत्था होता हैं। जिस कारण अपने घरों से जरूरी कार्यों से निकले लोग बेहद परेशान होते हैं एवं आए दिन दुर्घटना होती है। नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर कांग्रेसजनो की रखी इस बात को पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि नगर निगम के साथ तालमेल बैठा कर यातायात पुलिस इस संबंध मे जल्द ही ठोस कदम उठाएगी।